प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 5 महीनों में लगाए गए सौ करोड़ पेड़।
- मण्डी ज़िले के नेरचौक मैडिकल कॉलेज में एम.आर.आई. मशीन जल्द स्थापित करेगी सरकार।
- लाहौल–स्पीति ज़िले का दुर्गम रॉरिक गांव हाईस्पीड फोर–जी ब्रॉडबैंड सेवा से जुड़ा।
- लोक निर्माण मंत्री ने कहा– प्रदेश में सड़क सुविधा से वंचित गांवों को अगले दो वर्षों में सड़कों से जोड़ने की योजना।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान ने केवल 5 महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की उपलब्धि हासिल कर ली है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने देशभर के लोगों द्वारा इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि ये अभियान अब दुनिया के अन्य देशों में भी फैल रहा है। उन्होंने लोगों से अभियान में भाग लेने और पौधे के साथ सैल्फी माई जी.ओ.वी. डॉट आई.एन. पर पोस्ट करने का आग्रह किया। और अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता................

*मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के युवाओं से राजनीति में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई विशेष अभियान चलाए जाएंगे। आज राष्ट्रीय कैडेट कोर दिवस पर प्रधानमंत्री ने एक कैडेट के रूप में अपने दिनों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एन.सी.सी. से जुड़ने की अपील की। स्वच्छता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों से दशकों पुरानी फाइलें और कबाड़ हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में विभागों में आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं और काफी स्थान भी रिक्त हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में 'कचरे से कंचन' की अवधारणा बेहद पुरानी है। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द की एक सौ 62वीं जयंती पर अगले वर्ष दिल्ली में ''विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद'' आयोजित करने की घोषणा भी की।* रितेश कपूर, आकाशवाणी समाचार शिमला।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि मन की बात कार्यक्रम ने देश और देशवासियों की अपेक्षाओं को एक नया मंच दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से देश में छुपी हुई नायाब प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने का काम हो रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में अपील के बाद एक पेड़ मां के नाम अभियान ने प्रर्यावरण के प्रति लोगों का नज़रिया बदल दिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की वजह से देश में एक के बाद एक बड़े जन भागीदारी के कार्यक्रम शुरू हुए और कई बड़े लक्ष्यों की प्राप्ति हुई है।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने पर विचार कर रही है। इस संबंध में विभाग के माध्यम से मामला प्रदेश मंत्रिमण्डल के समक्ष लाया जाएगा। मण्डी ज़िले के तरोट में राज्यस्तरीय सहकारी समारोह में उन्होंने कहा कि हिमाचल सहकारिता का जनक रहा है और यहां से की गई पहल के बाद ही ये देशभर में एक आंदोलन के रूप में उभरा है। अग्निहोत्री ने बताया कि कार्यों में पारदर्शिता व तेज़ी लाने के लिए प्रदेश में सभी प्राथमिक सहकारी सभाओं को कम्प्यूट्रीकृत किया जाएगा और इस कार्य पर 80 करोड़ रूपए की राशि खर्च होगी।

भेंट

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि मण्डी ज़िले के नेरचौक मैडिकल कॉलेज में एम. आर.आई. मशीन जल्द स्थापित की जाएगी। शिमला में आज मण्डी ज़िले के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार सभी विकास योजनाओं का लाभ ज़िले के लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और विद्युत बोर्ड के अलग–अलग मण्डल बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने पार्टी नेताओं से सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

ब्रॉडबैंड

लाहौल–स्पीति ज़िले के दुर्गम रॉरिक गांव को हाई स्पीड फोर–जी ब्रॉडबैंड सेवा सुविधा प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि ये उपलब्धि बी.एस.एन. एल. के सहयोग से संभव हुई है जिससे इस ठण्डे और दूरदराज़ क्षेत्र तक आधुनिक दूरसंचार की पहुंच सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में तापमान अक्सर शून्य डिग्री से नीचे चला जाता है और आधुनिक दूरसंचार अवसंरचना तक पहुंच सीमित रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय व दूरदराज क्षेत्रों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए गुणवत्तायुक्त और उच्च प्रौद्योगिकी सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पुस्तक विमोचन

इस बीच, मुख्यमंत्री ने आज शिमला में डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित लिखित पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के माध्यम से पाठकों को सरदार पटेल के व्यक्तित्व, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को जानने का अवसर मिल सकेगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सड़क सुविधा से वंचित गांवों को राज्य सरकार अगले 2 वर्षों में सड़कों से जोड़ेगी। इस कार्य के लिए सरकार नई योजना बनाने जा रही है जिसमें केन्द्र सरकार का भी सहयोग लिया जाएगा। शिमला ज़िले के रोहड़ू में आज राजकीय छात्रा विद्यालय के वार्षिक समारोह में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण शुरू होते ही सड़कों का कार्य शुरू किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि सरकार लोगों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सड़कों का विस्तारीकरण करेगी। इससे पहले उन्होंने रोहड़ू में नवनिर्मित पार्किंग का भी लोकार्पण किया।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला ज़िले के कोटखाई क्षेत्र में आज दो सड़कों का भूमिपूजन किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में जुब्बल, नावर व कोटखाई क्षेत्र के लिए सर्वाधिक सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इसके अलावा वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में 99 सड़कों की पासिंग की गई है। रोहित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों का निर्माण व विकास उनकी प्राथमिकता है।

अग्निकाण्ड

कुल्लू ज़िले में लग घाटी के दुर्गम गांव तियून में बीती रात आग लगने की एक घटना में 4 मकान जलकर राख हो गए। घटना में करीब 80 लाख रूपए की संपति के नुकसान का अनुमान है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को फौरी राहत दी जा रही है। दूसरी ओर चम्बा ज़िले में हुए एक अग्निकांड में डल्हौजी के तहत सुरंगानी में एन.एच.पी.सी कॉलोनी के 10 क्वार्टर जलकर राख हो गए। घटना में जानी नुकसान का कोई समाचार नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने युवाओं से खेलों से जुड़ने व नशे से दूर रहने का आह्वान किया है। मण्डी ज़िले के डैहर में आज एक क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि खेलों से जुड़कर युवा नशे से दूर रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्प है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 9 टीमों के एक सौ 26 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

फिल्म फैस्टिवल

किन्नौर ज़िले के लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए आज रिकांगपिओ में पर्यावरण फिल्म फैस्टिवल आयोजित किया गया। इस दौरान वृतचित्रों और फिल्मों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से अपने स्तर पर प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयास करने का आह्वान भी किया।

भाजपा जश्न

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली जीत से भाजपा में जश्न का माहौल है। भाजपा शिमला मण्डल ने भी इस ऐतिहासिक जीत पर आज शहर के सी.टी.ओ. चौक पर जश्न मनाया। पार्टी नेता संजय सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा और एन.डी.ए. निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विकास की नीतियों को पूरे देश में समर्थन मिल रहा है।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 5 महीनों में लगाए गए सौ करोड़ पेड़।
- मण्डी ज़िले के नेरचौक मैडिकल कॉलेज में एम.आर.आई. मशीन जल्द स्थापित करेगी सरकार।
- लाहौल–स्पीति ज़िले का दुर्गम रॉरिक गांव हाईस्पीड फोर–जी ब्रॉडबैंड सेवा से जुड़ा।
- लोक निर्माण मंत्री ने कहा– प्रदेश में सड़क सुविधा से वंचित गांवों को अगले दो वर्षों में सड़कों से जोड़ने की योजना।